## खबर संक्षेप

### प्रभारी मंत्री एवं पीएचई मंत्री ने दयोदय गौशाला का अवलोकन किया

मण्डला। प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल और पीएचई मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम आमानाला में स्थित दयोदय गौशाला का अवलोकन किया। उन्होंने गौशाला प्रबंधन समिति के सदस्यों से पशुधन की संख्या, गौसेवा में लगे स्वयंसेवकों तथा व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। गौशाला की व्यवस्थाओं के अवलोकन के दौरान मंत्री द्वय ने प्रबंधन समिति की सराहना की। मंत्री द्वय ने गौशाला में गौमाताओं का पूजन एवं भोग खिलाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। समिति सदस्य नितिन जैन ने बताया कि गौशाला की एक अन्य शाखा नगरीय क्षेत्र में भी संचालित की जा रही है, जहां गिर नस्ल की गौमाताओं की सेवा करने का अवसर मिला है। प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल एवं पीएचई मंत्री श्रीमती उइके के द्वारा गौशाला भ्रमण के दौरान परिसर के दूसरे भाग में पंडित भूरामल सावजी प्रकल्प द्वारा संचालित हथकरघा केन्द्र का भी भ्रमण किया गया। वहां काम कर रहे कारीगरों से बातचीत करते हुए कपड़े की बुनाई तथा प्रशिक्षण आदि के बारे में जानकारी ली। हथकरघा केन्द्र के प्रमुख अनुराग जैन ने प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती उइके को खादी का गमछा भेंट कर सम्मानित किया। मंत्री द्वय ने परिसर में स्थित जैन मुनी महाराज श्री के डोला के दर्शन भी किए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, जिला पंचायत सदस्य शैलेष मिश्रा, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा, संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्मा, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, एसडीओपी मंडला श्री पीयुष मिश्रा, तहसीलदार मंडला श्री हिमांशु भलावी सहित गौशाला प्रबंधन समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## आरटीआई की जानकारी देने पर गुमराह कर रहा है विभाग

# शास. शाला भवन की नहीं जानकारी

*** आरटीआई कार्यकर्ता ने अपील में जाने के लिए बनाया मन।**


हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

नगर के लालीपुर चौराहे पर स्थित प्राथमिक शाला, जिसे कुछ वर्ष पूर्व शिक्षा विभाग द्वारा बंद कर दिया गया था, अब अतिक्रमण का शिकार होती नजर आ रही है। इस संबंध में आरटीआई कार्यकर्ता द्वारा 16 मई 2025 को जिला शिक्षा केंद्र से सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी मांगी गई थी। आवेदन में यह पूछा गया कि बंद हो चुके इस शाला भवन का वर्तमान में क्या उपयोग हो रहा है तथा इसे सुरक्षित रखने के लिए विभाग ने क्या कदम उठाए हैं।

मीडिया द्वारा जब इस मुद्दे को उठाया गया, तो जिला शिक्षा केंद्र ने बिना किसी स्थल निरीक्षण के 25 अप्रैल 2025 को नगरपालिका को पत्र जारी कर कहा कि यदि भवन पर अतिक्रमण है तो उसे हटाया जाए और विभाग को सूचित किया जाए। लेकिन न तो शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने और ही नगरपालिका ने अब तक स्थल पर जाकर वस्तुस्थिति का अवलोकन किया है।


जिला शिक्षा केन्द्र, समग्र शिक्षा अभियान


कार्यालय जनपद शिक्षा केन्द्र समग्र शिक्षा अभियान
विकासखण्ड मण्डला जिला मण्डला (म.प्र.)


कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र, समग्र शिक्षा अभियान

आरटीआई कार्यकर्ता को दी गई जानकारी के अनुसार, जिला शिक्षा केंद्र ने 25 अप्रैल को पत्र क्र मां क एस.एस.ए./सू.अधि.2025/544 के माध्यम से यह कहकर जिम्मेदारी बीआरसी मण्डला को सौंप दी कि यह जानकारी उनके अधीन है और 5 दिवस में दी जाए। इसके जवाब में बीआरसी मण्डला ने अपने पत्र क्रमांक एस.एस.ए./आरटीआई/ 2025 26/112 दिनांक 13 मई 2025 को जानकारी दी कि सहायक यंत्री से प्राप्त सूचना के अनुसार शाला भवन जिला शिक्षा केंद्र मण्डला के अधिपत्य में है।

इस प्रकार विभाग ने न केवल कार्यकर्ता को भ्रमित किया, बल्कि सूचना का अधिकार अधिनियम के प्रावधानों का भी उल्लंघन किया। आरटीआई कार्यकर्ता का कहना है कि जानकारी के अभाव में वे अब उच्च अधिकारियों के समक्ष अपील करेंगे और आवश्यकता पड़ने पर न्यायालय की शरण भी लेंगे, क्योंकि यह मामला जनहित से जुड़ा हुआ है और विभाग की निष्क्रियता गंभीर चिंता का विषय है।

### शिक्षा स्थापना में अमले की कमी से रुके काम

गुरुवार को मण्डला जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल के मण्डला आगमन पर ट्रायबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन ने उनका पुस्तक पेन औऱ स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनन्दन किया। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने मंत्री जी को जिले के शिक्षकों की समस्याओं को लेकर के एक ज्ञापन भी सौंपा। पदाधिकारियों ने प्रभारी मंत्री को अवगत कराया कि सहायक आयुक्त कार्यालय मंडला की शिक्षा स्थापना में प्राचार्य, व्यख्याता, उच्चश्रेणी शिक्षक, सहायक शिक्षक, उच्च माध्यमिक शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक, प्राथमिक शिक्षक आदि के कार्य होते हैं जहाँ पर एक पद लेखापाल और दो पद सहायक ग्रेड-2 के कार्यरत होने चाहिए लेकिन वहाँ पर सिर्फ एक सहायक ग्रेड-3 कार्यरत हैं जिसके चलते आयुक्त कार्यालय भोपाल से वरिष्ठता सूची की दावा आपत्ति आज दिनांक तक नहीं भेजी गई और न ही आज दिनांक तक शैक्षणिक संवर्ग की वरिष्ठता सूची को लेकर कोई ठोस कार्यवाही की जा रही है।मेडिकल क्लेम से लेकर कई छोटे-छोटे कार्य के लिए शिक्षकों को परेशान होना पड़ता है।

## कलश शोभायात्रा के साथ श्री हरि रामकथा का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

गुरूवार को श्री हरिराम कथा का आयोजन आरंभ हुआ महिष्मति घाट में मां नर्मदा का पूजन किया गया और यहां से कलश शोभा यात्रा निकाली गई। जो नगर भ्रमण करते हुए सरस्वती स्कूल पहुंची। जहां पर विधि विधान से राम दरबार का पूजन अर्चन करते हुए कलश स्थापित किए गए। यहां पर कथावाचक सुश्री गीता कुमारी पान जी ने भगवान श्रीराम के बारे में विस्तार से बताया उन्होंने राम कथा के बारे में बताया कि हमें राम की तरह अपने माता-पिता, गुरुजनों की भावनाओं को पूरा-पूरा सम्मान करना चाहिए। इस कथा से हमें साहस और बुधि से प्रत्येक कठिनाइयों का सामना करने की प्रेरणा मिलती है। विपरीत परिस्थितियों में धीरज बनाए रखना भी इस कथा के माध्यम से हम सीखते हैं। उन्होंने बताया कि राम कथा का महत्व एक महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक तत्व है। यह हमें मर्यादा, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। राम कथा सुनने से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है साथ ही यह हमें बुरे कर्मों से दूर रहने में मदद करती है। एकल अभियान संभाग महाकौशल भाग रेवांचल अंचल मण्डला में श्री हरि राम कथा कार्यक्रम का आयोजन 22 मई से 26 मई तक सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण लालीपुर में किया जा रहा है यहां पर दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक रामकथा होगी। यहां भक्तों के लिये प्रसादी वितरण का कार्यक्रम रखा गया है। रेवांचल अंचल मण्डला के पदाधिकारियों ने सभी नगरवासी एवं समिति के श्रद्धालु बंधुओ से अपील की है कि संगीतमय राम कथा कार्यक्रम में पहुंच कर धार्मिक आनंद लेने के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने व अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होंवे।



## प्रभावित क्षेत्रों में परिवहन कर पेयजल उपलब्ध कराया जाये-प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि गर्मी के मौसम में गाँव-गाँव और मजरे टोलों तक पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। जिन क्षेत्रों में पेयजल की समस्या है, उन क्षेत्रों में परिवहन कर पेयजल उपलब्ध कराया जाए। जिससे नागरिकों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल गुरूवार को जिला योजना भवन में जिला योजना समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 का कार्य 30 जून तक प्रारंभ रहेगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण के क्षेत्रों का विस्तार करना है जिससे वर्षा के जल को तालाब और सरोवरों में सहेजकर रखा जा सके। उन्होंने जल भराव के क्षेत्रों का विस्तार करने के निर्देश दिये। जल स्त्रोतों की साफ-सफाई कर पुर्नजीवित करने को कहा। हैंडपंपों के आस-पास शोकपिट बनाने को कहा। जिससे जल व्यर्थ न बहे और शोकपिट के माध्यम से जल भूमिगत हो सके। प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि वर्षाकाल के बाद स्टापडेमों से पानी व्यर्थ न बहने दें, गेट बंद कर जल को रोका जाए।

प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि बरसात में अक्सर मौसमी बीमारियाँ फैलने की संभावना रहती है। मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए पूर्व से ही स्वास्थ्य विभाग के द्वारा समुचित प्रबंध कर लिया जाए। बरसात के मौसम में नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव-गांव में अभियान चलाकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाए। स्वास्थ्य विभाग का अमला अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखे। दवाईयों का नियमित रूप से वितरण करें। जिससे बरसात के मौसम में संक्रमण बीमारियां न फैल सके।

## पांच खिलाड़ियों का राष्ट्रीय वूशु चैंपियनशिप के लिए चयन

*** मंडला के खिलाड़ियों ने देवास में दिखाया दम, तमिलनाडु में करेंगे प्रतिनिधित्व।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

देवास (मध्यप्रदेश) में 20 से 21 मई 2025 तक आयोजित 25वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय वूशु प्रतियोगिता के चयन ट्रायल में मंडला जिले के पांच खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया है। कोच पूर्णिमा रजक ने बताया कि ट्रायल प्रतियोगिता में जिले से बालक-बालिकाओं ने भाग लिया था।

टीम कोच पूर्णिमा रजक एवं टीम मैनेजर सोनिया रजक के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने अलग-अलग इवेंट्स एवं भारवर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के परिणाम स्वरूप निम्न खिलाड़ियों का चयन हुआः प्रखर बर्मन (39 किग्रा): दो नॉकआउट फाइट में जीत दर्ज कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। आर्या शुक्लाः एक नॉकआउट फाइट जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। मेकल करोसिया एवं अबिगेल कुशवाहाः अपने-अपने इवेंट्स में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आशुतोष जायसवालः प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर चयन सूची में स्थान बनाया। चयनित सभी खिलाड़ी 26 मई से 31 मई 2025 तक तमिलनाडु में आयोजित होने वाली 25वीं सब-जूनियर नेशनल वूशु चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होकर लौटे खिलाड़ियों का मंडला आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर खेलप्रेमियों एवं स्थानीय नागरिकों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**स्वागत** | **प्रभारी मंत्री के प्रथम आगमन पर हुआ भव्य स्वागत।**

# जिला भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक

*** मंत्री नहीं मैं स्वयं को मानता हूँ कार्यकर्ता।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला





जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल राज्यमंत्री कुटीर एवं ग्रामोद्योग का गुरुवार को मंडला नगर में प्रथम आगमन हुआ। जिले के प्रभारी मंत्री बनाए जाने के बाद उनका यह पहला दौरा था पहली मंत्री का कटरा बाईपास सहित नगर के विभिन्न स्थानों में भाजपा कार्यकर्ता एवं सामाजिक संगठनों ने स्वागत किया। प्रभारी मंत्री सीधे माहिष्मती घाट पहुंचे जहां पर मां नर्मदा का विधि विधान से पूजन अर्चना किया। साथ ही उन्होंने घाट का निरीक्षण किया और चल रहे विकास कार्यो के बारे में संबंधों से जानकारी ली। यहां से वे सर्किट हाउस पहुंचे जहां पर भाजपा कार्यकर्ता ने स्वागत किया। यहां पर आम जनों ने भी मुलाकात की है।तपश्चात जिला भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। जहां पर कार्यकर्ताओं ने प्रभारी मंत्री का स्वागत किया। बैठक में मंडला सांसद एवं पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, कैबिनेट मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, पूर्व विधायक देव सिंह सैयाम, शिवराज शाह , जिला अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता रोचीराम गुरवानी, बालकिशन खंडेलवाल, प्रमोद सिंघई जैन ने भी प्रभारी मंत्री का अभिवादन किया। इस अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपके आत्मीय स्वागत से मैं प्रसन्न हूं दिल की गहराई से सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त और अभिनंदन करता हूं। मुझे सांसद और मंत्री के द्वारा पालक मंत्री कहा जाता है लेकिन मैं अपने आप को सेवक मानता हूं। उन्होंने कहा कि मैं किसी भी पद में चले जाऊ लेकिन हमेशा कार्यकर्ता ही रहूंगा। पद तो आते और जाते रहते हैं। लेकिन कार्यकर्ता पूरा जीवन लगाता है। उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे मेहनत करते रहिए एक दिन आपको सफलता जरूर मिलेगी। आज मैं 44 साल से भाजपा संगठन के नगर इकाई से लेकर जिला अध्यक्ष का दायित्व निर्वहन कर चुका हूं। आज वरिष्ठ नेतृत्व ने मुझे मंडला जिले का भी दायित्व सौंपा है। वहीं उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व पटल पर अपनी अलग पहचान बना रहा है और विश्व गुरु बनने की राह पर चल निकला है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता पार्टी का रीढ़ होते हैं। पार्टी अपने प्रत्येक कार्यकर्ता के मान सम्मान के लिए कृतसंकल्पित है। पार्टी का कोई भी कार्यकर्ता कभी भी उनसे सीधे मुलाकात कर अपनी बात कह सकता है। वहीं कैबिनेट मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके ने कहा कि हमेशा मुख्यमंत्री से चर्चा हो रही थी कि मंडला जिले में ऐसे प्रभारी मंत्री बने जो हमारे सिद्धांत समझे और हमारी भावनाओं को समझ कर काम करें। आज हमे ऐसे प्रभारी मंत्री पाकर बड़ी ही प्रशंसा हो रही है। आज हमारे प्रभारी मंत्री मंडला आए मैं चाहती हूं कि वे दूरदराज के ऐसे गांव का भ्रमण करें जैसे मवई, घुघरी सहित अन्य क्षेत्रों का मूल्यांकन करें जिससे कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन हो। वहीं मंडला सासंद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि आज प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल का पहली बार मंडला आगमन हुआ है उन्हें बहुत-बहुत बधाई देता हूं। हमारे मंडला जिले में कुछ क्षेत्र ऐसे है जो विकास कार्यो में पिछड़ गए है उन्हें मिलकर आगे लाना है। साथ ही उन्होंने कहा कि बिछिया, निवास ये दो विधानसभा ऐसे है जो पीछे हो गए हैं उन्हें आगे बढ़ाना है। आज हमारे जिले में दो-दो मंत्री है और दोनो मंत्री के सहयोग से विकास के कार्यो को गति मिलेगी। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि लंबे अंतराल के बाद हमे जिले में प्रभारी मंत्री मिले हैं जिले की विकास में सबसे बड़ा योगदान सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते और श्रीमति सम्पतिया उईके का है लेकिन अब प्रभारी मंत्री भी जिले के विकास में अपनी सहभागिता दर्ज करायेंगे। तो जरूर ही पिछड़े ग्रामीण अंचल में भी तेजी से विकास होगा।

## जैव विविधता दिवस पर टिकरिया परिक्षेत्र में चला जागरूकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस 22 मई 2025 के अवसर पर पश्चिम सामान्य वनमंडल मंडला के वन परिक्षेत्र टिकरिया द्वारा एक जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान कूम्हा घाट, नर्मदा नदी पर आयोजित किया गया, जिसमें वन परिक्षेत्र टिकरिया के कर्मचारियों एवं वन समिति सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत घाट की सफाई अभियान से हुई, जिसमें नर्मदा नदी के किनारे फैले प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थों को एकत्र कर उचित तरीके से निपटाया गया। इस स्वच्छता अभियान का उद्देश्य न केवल घाट की सुंदरता को बनाए रखना था, बल्कि जलीय पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा करना भी था। इसके पश्चात वन समिति सदस्यों, स्थानीय व्यापारियों एवं घाट पर उपस्थित जनसमुदाय को जैव विविधता के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। वक्ताओं ने समझाया कि किस प्रकार विभिन्न प्रजातियाँ पारिस्थितिकी तंत्र में संतुलन बनाए रखने में सहायक होती हैं। नर्मदा नदी की जलीय जैव विविधता को बचाने के लिए घाटों पर पॉलिथिन का उपयोग न करने की अपील की गई। अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन में जैव विविधता संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्थानीय सहभागिता सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने स्वच्छता और जैव विविधता संरक्षण का संकल्प लिया।

**खबर संक्षेप**



## शहर से लेकर गांव गांव बैक तो खोली जा रही है, ग्राहकों को सुविधायें उपलब्ध न होने से परेशानी

**हरिभूमि न्यूज/कौड़िया।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि शहरों से लेकर गांव गांव आये दिन अनेक बैको द्वारा अपनी शाखाये तो खोली जा रही है। मगर ग्राहकों के लिये जो सुविधाये उपलब्ध होना चाहिये वह कोसो दूर तक गायब रहने से आये दिन बैक उपभोक्ताओं को परेशान होते हुये देखा जाना निश्चित तौर से बैकों की मनमानी का प्रमाण उजागर होने से नही चूक पा रहा है..? वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो बैको द्वारा अपने उपभोक्ताओं के लिए जिस प्रकार से योजनाएं चलाई जाती है उनका लाभ किस स्थिति में उनको मिल पाता है यह बात किसी से छिपी नही है..? यदि बैक की व्यवस्थाओं पर गौर किया जावे तो किसी भी उपभोक्ता का कार्य बगैर दलाल के माध्यम से हो पाना संभव होता हुआ नही देखा जाता है? जिसके चलते आये दिन क्षेत्र के लोगों को बैक के चक्कर लगाते हुए आसानी से देखा जा सकता है? इस संबंध में बताया जाता है कि शासन द्वारा बैकों के माध्यम से किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी जब तक किसानों तक पहुंचती है तब तक या तो योजनाएं बंद हो जाती है या फिर अपने लक्ष्य को पूरा कर लेती है। इतना ही नही यदि क्षेत्र के लोगों को बैक संबंधी में योजना का लाभ लेने का मौका मिल भी जाता है तो बैकों में बैठे अधिकारियों द्वारा उनसे सीधे मुंह बाते नही करते है जिसके चलते मजबूरी बस क्षेत्र के लोगों को बैकों द्वारा नियुक्त किये गये तथा कथित दलालों के पास पहुंचने मजबूर हो जाता है जिसके चलते बैकों द्वारा इन दलालों से फिक्स किये गये अपने प्रतिशत के बाद ही किसान इस प्रकार से सरकार द्वारा चलाई जा रही जन हितैषी योजनाओं का लाभ लेते हुए देखे जा रहे ह? इतना ही नही अक्सर देखा जाता है कि बैकों द्वारा अपने ग्राहको को पर्याप्त सुविधाएं प्रदान नही किये जाने के कारण या तो ग्राहक रोड पर खड़े होकर बैकों में अपनी कार्य पूर्ण करने का इंतजार करते रहते है? जिसके कारण उनकी जान को पूर्णरूप से खतरा जान पड़ता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय कौड़ियि इलाहाबाद बैक में देखने मिल रही है? बताया जाता है कि यह बैक कौड़ियि में उस जगह पर स्थित है जहां पर राज्यीय राज मार्ग निकला होने के कारण जब बैक के सामने अपने उपभोक्ताओं की भीड़ लग जाती है तो पूर्णरूप से यातायात प्रभावित होने लगता है, आये दिन देखा जाता है कि बैक द्वारा अपने ग्राहकों के वाहनों का खड़ा करने के लिए कोई उचित व्यवस्था नही किये जाने के कारण बैक पहुंचने वाले उपभोक्ताओं द्वारा अपने वाहन मुख्य रोड के किनारे खड़े कर देते है जिसके चलते यातायात व्यवस्था बांधित तो होती ही है साथ ही साथ बैक उपभोक्ताओं की जान को भी खतरा बन जाता है? क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यदि समय रहते हुए बैक द्वारा अपने उपभोक्ताओं के वाहनों को खड़ा करने के लिए कोई उचित व्यवस्था नही की गई तो निश्चित तौर से किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने से इंकार नही किया जा सकता है।

## लगातार गिर रहे जमीन के नीचे का जल स्तर, गर्मी आने के पहले सूख जाते हैं नदी नाले, समय रहते हुये पर्यावरण की रक्षा के प्रति सचेत नहीं हुये तो भोगना पड़ सकता है गंभीर परिणाम ...

# पर्यावरण के साथ हो रही खिलवाड का परिणाम है हर वर्ष तापमान में बढ़ोत्तरी

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा**















लगातार मानव जीवन भौतिकवादी सुख सुविधाओं की ओर दौड़ रहा है और प्रकृति के साथ हो रही खिलवाड़ का परिणाम है कि आने वाला भविष्य संकटों से भरा होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? क्योंकि पर्यावरण के साथ होने वाली खिलबाड़ के चलते प्रतिवर्ष देखा जा रहा है कि जहां तापमान में बढ़ोत्तरी हो रही है तो वही दूसरी ओर लगातार गिर रे जमीन के नीचे के जल स्तर के चलते स्थिति इस प्रकार से निर्मित होने लगी है कि गर्मी आने के पहले ही नदी नाले दम तोड़ने से नही चूकते है जिसके चलते वन्य जींव जन्तुओं के साथ साथ मानव पर भी विपरित असर पड़ने से नही चूक रहा है। इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि मंचों के माध्यम से लोगों को अच्छी बाते कहते हुये जरूर देखा जाता है, मगर यदि वास्तविकता पर गौर किया जावे तो उनके द्वारा कहे जाने वाली बाते सिर्फ मंचों तक ही सीमित रहने के कारण पृथ्वी पर निवास करने वाला जीवन संकटों से घिरता चला जा रहा है। कहने के लिये तो लोग पर्यावरण की रक्षा के नाम पर पौधा रोपण करते हुये एक पौधा के साथ एक दर्जन लोग अपनी फोटो निकलवा कर अखबारों की सुर्खियों में छाने की कोई कसर नही छोड़ते है। मगर शायद ही कभी किसी व्यक्ति द्वारा जिस पौधा को रोपते हुये फोटो निकलवायी गई थी उस पौधा की खबर लेने का प्रयास किया गया हो कि आखिर कार उनके द्वारा रौपा गया पौधा बचा ही कि सूख गया? इस प्रकार से देखा जावे तो जहां लोगों द्वारा एक पौधा रोपने के नाम पर निश्चित ही वाही वाही लूटी जाती है। मगर जिस प्रकार से लगातार हरे भरे वृक्षों की कटाई हो रही है उसे रोकने के लिये किसी के द्वारा प्रयास नही किया जाते है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो किसी पेड़ को कटने से रोकने में सफल हो जाना पचास पौधा रोपने से बड़ा कार्य माना जा सकता है। मगर इस सच्चाई को नजर अंदाज किये जाने का परिणाम है कि जहां लगातार जंगलों की धडल्ले से अवैध कटाई होती चली जा रही है और हर वर्ष बारिश के मौसम में हमें अच्छी बरसात देखने से बंचित रहना पड़ रहा है। क्षेत्र में अच्छी बारिश नही होने के कारण ही लगातार नदी नाले जहां गर्मी का मौसम आने के पहले सूख जाते है। पहले देखा जाता था कि जब चार माह बारिश चलती थी तो गांवों के नदी नालों में बारह माह पानी भरा रहने से संपूर्ण जींव जन्तु गर्मी के मौसम में उन नदियों से पानी पीते हुये अपनी प्यासे बुझाते थें। मगर अब पर्यावरण से हो रही खिलवाड़ के चलते जहां हर वर्ष बारिश के क्रम में कमी देखने मिल रही है वही दूसरी ओर तापमान में प्रतिवर्ष बढ़ोत्तरी होने के कारण मानव जीवन के साथ साथ जंगली जानवरों की जिन्दगी भी खतरे में पड़ने से नही बच पा रही है? इतना ही नही यदि नदियों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो लोगों द्वारा नर्मदा नदी सहित क्षेत्र के अन्य नदियों में किये जाने वाले रेत के खनन का परिणाम है कि जहां नदियों में पानी की समस्या पैदा होने लगी है वही दूसरी ओर नर्मदा नदी की धाराएं भी समटने से नही चूक रही है? वही गांवों में देखा जावे तो नदी नालों की स्थिति इस प्रकार से बनते हुये देखी जाती है कि गर्मी का मौसम तो दूर ठंड के मौसम में ही नदी नाले कचरा घर के रूप में दिखाई देने से नही चूक रहे है। नदी नालों में होने वाले अवैध खनन व अमूल्य माने जाने वाले जल के दोहन के चलते जमीन के नीचे के जल स्तर में प्रतिवर्ष गिरावट आने के चलते आने वाला भविष्य निश्चित ही संकटों भरा होने से नही चूकेगा? यदि लोग इस प्रकार से लगातार हो रही पर्यावरण के साथ खिलवाड़ को नजर अंदाज किया जाता रहा तो हमे अनेक प्रकार के संकटों से जूझने के लिये मजबूर होना पड़ेगा। इस प्रकार से लगातार बिगड़ रहे पर्यावरण की सच्चाई को लेकर जब क्षेत्र के युवाओं से चर्चा की गई तो उनके द्वारा पर्यावरण के साथ हो रही खिलबाड़ को लेकर ग्राम बासखेड़ा निवासी युवा समाज सेवी महेश पटैल का कहना है कि जिस प्रकार से हर वर्ष तापमान में बढ़ोत्तरी हो रही है वह निश्चित ही भविष्य के लिये खतरा की घंटी है। यदि समय रहते हुये सचेत नही हुये तो आने वाला समय मानव जीवन के लिये चुनौती भरा होगा। इसी प्रकार से सांईखेड़ा निवासी युवा पत्रकार दीपक अग्रवाल का कहना है कि जिस प्रकार से निर्माण कार्यो के चलते लोगों द्वारा पेड़ पौधें काटे जा रहे है उसे अनुपात में पौधारोपण नही हो रहा है इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि लोगों द्वारा पौधा रोपण नही किया जा रहा है, पौधा रोपण तो किया जाता है। मगर वह पौधा रोपण मात्र एक फेशन बन चुका है जिसके चलते पौधा रोपण के बाद उसकी ओर ध्यान नही दिया जाता है जिसके चलते रोपा गया पौधा पेड़ का स्वरूप नही ले पा रहा है। वही दूसरी ओर पेड़ो पर कुल्हाडी चलने से नही रूक पा रही है उसकी ओर किसी के द्वारा भी ध्यान नही दिया जाना चिंता जनक सच्चाई को उजगार करने से नही चूक पा रहा है। यदि यही स्थिति बनी रही तो निश्चित ही हमारा आने वाला जीवन संकटों के बीच घिरा हुआ दिखाई देने से नही बच पायेगा। वही ग्राम महगंवा निवासी समाजसेवी शैलेन्द्र कौरव का कहना है कि जिस प्रकार से लोगों द्वारा जल स्त्रोतो का अपने निजी स्वार्थ के लिये दोहन किया जा रहा है उसके चलते वह समय के पहले सूखने से नही बच पा रहे है। जल स्त्रोतों के सूखने से आज जंगली जानवर जहां गांवों की ओर रूख करते हुये देखे जा रहे है इस स्थिति में जंगली जानवरों के साथ साथ आम लोगों की जिन्दगी भी खतरे में पड़ने से नही चूक रही है। वही ग्राम भौरझिर निवासी युवा तुलसीराम राठौर का मानना है कि इस प्रकार से प्रकृति द्वारा बनाये गये सनसाधनों के साथ हो रही खिलबाड़ पर अंकुश लगाने के लिये शासन को सख्त रवैया अपनाना चाहिये जिससे लोगों द्वारा प्रकृति द्वारा बनाये गये साधनों का दुरूपयोग करने व हरे भरे पेड़ो पर कुल्हाडी चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही होना चाहिये जिससे पर्यावरण की रक्षा की जा सके। इस तरह प्रकृति की रक्षा के लिये कड़े कानून बनाकर उनका पालन सुनिश्चित करने की आवश्यकता है तभी पर्यावरण की रक्षा हो पाना संभव है।

## नवीन शैक्षणिक सत्र की प्रारंभिक तैयारियों को लेकर आयोजित हुई बैठक




**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** गुरुवार को स्थानीय शासकीय बालक उ मा विद्यालय (बीटीआई )स्कूल में साईंखेड़ा ब्लॉक के समस्त शासकीय हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूलों के प्राचार्यो के आलवा बीआरसी, बीएसी एवं जनशिक्षकों की बैठक का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि इस बैठक की शुरुआत में प्राचार्य श्रीमति सुनीता पटैल एवं सीएम राइज प्राचार्य चंद्रकांत विश्वकर्मा ने सहायक संचालक सुश्री सीमा डोंगरे का पुष्प गुच्छ के साथ स्वागत किया। वही बैठक को संबोधित करते हुये सहायक संचालक सीमा डोंगरे ने कहा कि ग्रीष्म कालीन अवकाश उपरांत 2 जून से स्कूल प्रारम्भ हो जायेंगे। इस तरह सही मायने में देखा जावे तो नये शिक्षा सत्र की शुरूआत हो जावेगी। वही शिक्षकगण अपनी अपनी शिक्षण संस्थाओं में समय से आना जाना करें। वही मोबाइल एप्प पर अपनी उपस्थिति दर्ज करें एवं संकुल प्राचार्य से अवकाश स्वीकृत कराकर ही अवकाश पर जाएँ। संकुलों में शिक्षकों के अवकाश संधारण का रिकार्ड उपलब्ध रहे यदि कभी कोई अधिकारी अचानक निरीक्षण करने पहुंचता है तो वह पूर्ण संतुष्ट रहना चाहिये। बैठक में उन्होंने कहा कि बच्चों की अपार आईडी निर्माण का कार्य निश्चित समय सीमा में पूर्ण होना चाहिये तथा सभी शिक्षक आपसी समन्वय से छात्र छात्राओं की शैक्षिक गुणवत्ता बेहतर बनाने के उद्देश्य से कार्य करें। वही आने वाले 16 जून से स्कूलों में छात्र छात्राओं की उपस्थिति प्रारम्भ हो जाएगी अतः 15 जून के पूर्व सभी लंबित कार्य एवं स्कूलों में साफ सफाई से जुड़े कार्य पूर्ण होना जरूरी है। इस प्रकार से बैठक में उन्होंने समस्त प्राचार्यो, बीआसी,बीएसी एवं जनशिक्षकों से स्कूलों का सतत रूप से निरीक्षण करने की बात पर जोर दिया गया। बैठक में पूर्व बीईओ एवं प्राचार्य प्रतुल इंदुरख्या ने कहा कि स्कूलों में 15 जून तक पाठ्यक्रम पंजी, डेली डायरी, समय सारिणी शिक्षकों को बनाना है। छात्र छात्राओं की शत प्रतिशत मेपिंग एवं प्रोफाइल अपडेशन का कार्य जल्द पूर्ण हो जाना चाहिये तथा सभी शिक्षक उन्हें मिले टैबलेट का उपयोग शिक्षण कार्य में करें। स्कूल फ्लेक्स के माध्यम से छात्र छात्राओं एवं विद्यालय की विशेषताओं का प्रचार प्रसार करें जिससे कि शिक्षा को लेकर समाज में बेहतर संदेश जाये। बैठक में बीआरसी संदीप स्थापक ने सार्थक एप्प पर शिक्षकों के पंजीयन, बीआरसी कार्यालय में बच्चों के आधार कार्ड अपडेशन एवं कक्षा 5 व 8 वी की द्वितीय परीक्षा से जुडी जानकारी दी गई। बैठक में प्राचार्य एस के मिश्रा, चंद्रकांत विश्वकर्मा, विजेंद्र कौरव, बीएसी मनीराम मेहरा, जनशिक्षक नेपाल झारिया, प्रदीप मालवीय एवं एमआईएस वेद प्रकाश राजपूत ने भी आवश्यक सुझाव दिये गये।

## सर्वर डाऊन रहने से परेशान हो रही लोग, शासन की सुविधा बन रही दुविधा



**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** *सरकार द्वारा भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की सोच के चलते अब सभी प्रकार के शासकीय कार्यो को आन लाइन व्यवस्था से जोड़े जा रहे है। मगर ग्रामीण क्षेत्रों में यह व्यवस्था आम लोगों के लिए सुविधा की जगह दुविधा बनने में कोई कसर नही छोड़ रही है? बताया जाता है कि इस समय जहां किसानों के अनाज खरीद कार्य करने के लिए सरकार द्वार चलाई जा रही अनेक योजना से लेकर छात्र छात्राओं के लिये अनेक प्रतियोगिता परीक्षाओं में भाग लेने के लिये पंजीयन व फार्म भरने का कार्य चल रहे है। वही सेवा सहकारी समितियों में अपने उपभोक्ताओं के लिए खाद्यान्न वितरण कार्य भी मशीनों के माध्यम से किया जा रहा है। जिसके चलते देखा जा रहा है कि सेवा सहकारी समितियों में प्रतिदिन अपना रजि. कराने वाली किसानों की भीड़ लग रही हैं। मगर यहां पर आये दिन सर्वर डाऊन होने के कारण किसानों के रजि. नही हो पाने की स्थिति में उन्हें खाली हाथ अपने घरों को लौटने के लिए मजबूर होते हुए देखा जा रहा है...? कुछ इसी प्रकार की स्थिति उन गरीबों की भी देखने मिल रही है जो सेवा सहकारी समिति में जब वह अपना खाद्यान्न लेने पहुंचते है तो वहां पर अनेक लोगों के पी ओ एस मशीन में फिंगर प्रिंट मेल नही खाने के कारण उनकी पर्ची नही मिलकर पा रही है। इस प्रकार से शासन द्वारा अच्छी सोच के चलते शुरू की गई यह सुविधा अब किसानों के साथ साथ आम लोगों के लिए दुविधा साबित होने में कोई कसर नही छोड़ रही है? वही दूसरी ओर इस तरह से सर्वर में आ रही तकनीकी खराबी के चलते यहां पर कार्य करने वाले लोगों को आम उपभोक्ताओं के कोप का शिकार होना पड़ रहा है, जिसके चलते हितग्राही व सोसाईटी में कार्य करने वाले लोगों का कहना है कि सर्वर डाउन और फिंगर की समस्या के लिए बैकल्पिक व्यवस्था होना चाहिए जिससे सभी लोगों को आसानी से शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके मगर ऐसा नही हो पाने की स्थिति में लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को परेशान होते हुये देखा जा रहा है। इस समस्या के निदान की ओर न तो अधिकारी ध्यान देते हुये जान पड़ रहे है और नही क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिधि।*

## झिकाली पुल के बीचों बीच खड़े रहने वाले वाहनों पर रोक लगाये जाने की उठाई जा रही है मांग, आमजन के लिये बन रही खतरे की संभावना..

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।**

जिस प्रकार से शासन द्वारा गाडरवारा क्षेत्र के लोगों को प्रदेश की राजधानी से सीधे जोड़ने के लिए झिकोली नर्मदा घाट पर पुल का निर्माण कराया गया है उसके चलते इस मार्ग पर लगातार वाहनों की संख्या में जहां इजाफा होते हुए देखा जा रहा है, वही इस नर्मदा पुल के निर्माण होने के कारण लोगों को भोपाल पहुंचने में काफी सुविधाजनक मार्ग साबित होते हुए देखा जा रहा है? इस समय इस पुल के ऊपर वाहन चालकों की हो रही मनमानी के चलते इस मार्ग से निकलने वाले लोगों की जिन्दगी के लिए खतरे की घंटी बजते हुए देखी जा रही है? बताया जाता है कि आये दिन देखा जाता है कि अनेक बड़े वाहन चालकों द्वारा अपने वाहनों को पुल के ऊपर ही खड़ा करते हुए जहां मटर गस्ती करते हुए देखा जाता है तो वही दूसरी ओर अनेक वाहन चालक तो इस समय चल कोरोना कर्फ्यू के दौरान चोरी छिपे चल रही नास्ता की दुकानों के कारण पुल के ऊपर ही वाहन खड़ा करते हुए चाय नास्ता करने में मग्न हो जाते है? इस स्थिति के चलते जब कोई दूसरा वाहन इस मार्ग से निकलता है तो उसे पुल पार करने में काफी परेशानी का सामना तो करना ही पड़ता है। इस प्रकार से भारी भरकम ट्रकों सहित बसों व अन्य चार पाहिया वाहनों के चलाको द्वारा घंटो तक अपने वाहन खड़े किये जाने की सच्चाई को लेकर हरिभूमि द्वारा पूर्व में भी प्रशासन को अनेको वार



इस सच्चाई से अवगत कराया जा चुका है। मगर इसके बाद भी प्रशासन द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने से अब यह जान पड़ने लगा है कि शायद प्रशासन ही कर रहा है कि बड़ी घटना का इंतजार? जबकि गौर किया जावे तो बीते हुये वर्ष इसी प्रकार से जब दो मासूम इस पुल के ऊपर से पैदल गुजर रहे थें, उसी दौरान एक वाहन के अचानक आ जाने के बाद उसकी आवाज से घबराकर दो मासूम बच्चियाँ पुल के नीचे यानि की नर्मदा नदी में गिर जाने से उनकी मौत हो चुकी है इसके आलवा पुल के ऊपर वाहनों के खड़े रहने की स्थिति में अन्य घटनाएं भी घटित हो चुकी है। मगर इसके बाद भी प्रशासन इस सच्चाई को जिस प्रकार से नजर अंदाज कर रहा है उसके चलते किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? वही बताया जाता है कि ग्राम झिकोली सांईखेड़ा पुलिस थाने की सीमा में आता है, मगर पुल पर प्रवेश करते ही सांईखेड़ा थाने की सीमा समाप्त होने के कारण जहां सांईखेड़ा पुलिस इन मनचले वाहन चालकों पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही करने में असमर्थ जान पड़ रही है? वही दूसरी ओर यह संपूर्ण पुल समीपस्थ उदयपुरा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता हुआ बताया जा रहा है? जिसके चलते सही मायने में देखा जावे तो पुल के ऊपर खड़े होने वाली वाहनों को लेकर उदयपुरा पुलिस की उदासीनता किसी दिन कोई बड़ी घटना का कारण साबित हो सकती है? क्षेत्र के लोगों का कहना है कि जब पुल के ऊपर वाहन खड़े होते है तो उन्हे अपने वाहन निकालने में काफी परेशान होने के साथ साथ पुल के नीचे गिरने का भय तो बना ही रहता है, जिसके चलते पुल के ऊपर खड़े वाहनों को निकलने का इंतजार करते हुए अपना मूल्यवान काफी समय बर्बाद करना पड़ता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई दो पाहिया वाहनों की देखी जाती है जब कोई व्यक्ति दो पाहियां वाहन पर किसी महिला को लेकर निकता है तो पुल के ऊपर खड़े हुये इन वाहनों के चलते जहां उसे अपनी जान जोखिम में डालने के लिए मजबूर देखा जाता है, वही दूसरी ओर पुल के ऊपर खड़े रहने वाले मनचले वाहन चालकों की छिटाकशी का शिकार भी होते हुए देखा जाता है।

## ग्रामीण क्षेत्रों में कागजों के हिसाब से तो नियुक्त है स्वास्थ्य कर्मी, मगर चक्कर काटते रहते है ग्रामीणजन



**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** क्षेत्र के अंतर्गत अनेक गांवों में अनेक शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापति किये गये है, मगर यदि ईमादारी से देखा जावे तो इन शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अंतर्गत ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाएँ चरमरा रही है? एक तरफ मौसमी बीमारियों का प्रकोप होने के साथ साथ इस समय कोरोना वायरस की दहशत संपूर्ण क्षेत्रवासियों को दहशत में डालने से नही चूक रही है तो दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य कमी नर्स व मलेरिया वर्कर अपने मुख्यालय से गायब रहतें है? ऐसे में टीकाकरण सहित शासन द्वारा ग्रामीणजनों के नाम पर चलाई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का क्या हाल होगा इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है, शायद ही इसका किसी के पास कोई जबाव हो? वही दूसरी ओर देखा जावे तो इस समय लगातार फैल रही मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ते हुये क्रम में देखने मिल रही है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई प्रसूताओं व शिशुओं के लिए टीकाकरण में भी देखने मिल रही है जो ग्रामीण क्षेत्रों में शायद ही कभी निर्धारित तिथि पर लगते हुये देखे जा रहे हो, इस सच्चाई को लेकर बताया जाता है कि गॉवों में प्रसूताओं को नर्से बजाय शासकीय दवाएँ उपलब्ध कराने के बाजार की दवाएँ मगवाती है जबकि गौर किया जावे तो राज्य सरकार का कहना है कि अस्पातालों के भण्डारण में सभी आवश्यक दवाएँ उपलब्ध है मगर इसके बाद भी प्रसूताओं एवं रोगियों के लिए ये दवाएँ गॉवों में पहुँच रही है कि नही इस बात का पता नही चल रहा है कि आखिर में ग्रामीणों को मिलने वाले दबाईयाँ कहा चली जाती है? इस प्रकार से प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीणों के हितों को ध्यान में रखते हुए चलाई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की योजनाओं पर जहां प्रश्न चिन्ह लगते हुए जान पड़ रहा है? वही दूसरी ओर लोगों को ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित स्वास्थ्य केन्द्रो से लाभ नही मिलने की स्थिति में वह भटकते हुए देखे जा रहे है?

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं नजूल अधिकारी गाडरवारा, जिला - नरसिंहपुर ( म.प्र. )**
अनुविभागीय कार्यालय, तहसील परिसर गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर 487551
फोन न. 07791-255732, E-mail:- sdmgadarwara121@gmail.com

राजस्व प्रकरण क्रमांक - 0006 अ-20(4) वर्ष :- 2025-26 के तहत जारी

**ईश्तहार**

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अजय कुमार आ. स्व. कृष्णदास गुप्ता, निवासी - भामा वार्ड, गाडरवारा, तहसील -गाडरवारा, जिला- नरसिंहपुर के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि नजूल नगर गाडरवारा स्थित स्थाई पट्टे की नजूल भूमि शीट क्रमांक 14 प्लाट क्रमांक 28/2 क्षेत्रफल 1238 वर्गफुट अजयकुमार आ. कृष्णदास गुप्ता, श्रीमती किरण पत्नी संजीव कुमार गुप्ता, ना. बा. काजल, ना. बा. प्रसन्न आ. स्व. संजीव कुमार गुप्ता के नाम से नजूल अभिलेखों में दर्ज है। में से 619 वर्गफुट भूमि पंजीकृत बैनामा दिनांक 28/04/2025 के माध्यम से श्रीमती किरण पत्नी स्व. संजू गुप्ता काजल आयु 15 वर्ष, प्रसन्न आयु 12 वर्ष, पिस. स्व. संजू गुप्ता निवासी -रामनगर दुर्ग, सुपेला भिलाई, दुर्ग छत्तीसगढ़ से विधिवत क्रय कर ली गई है, नियमानुसार खरीद हक में नामांतरण किया जावे। अपने आवेदन पत्र के साथ 100 रूपये का आवेदन शुल्क का चालान, आवेदक एवं विक्रेता का शपथ पत्र, पंजीकृत बैनामा दिनांक 28/04/2025, नजूल खसरा, नक्शा एवं माननीय व्यवहार न्यायालय अनुमति आदेश की छाया प्रतियां प्रस्तुत की गई है, जिसके तहत प्रकरण संस्थित कर मेरे द्वारा विचारण में लिया गया है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति अथवा दावे प्रस्तुत करना हो तो सुनवाई दिनांक 05/06/2025 को मेरे समक्ष स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत अभिभाषक के माध्यम से विधिवत लिखित रूप से दावा/आपत्ति पुष्टि के दस्तावेजों सहित दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय सीमा के पश्चात प्राप्त होने वाले दावे आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी।

जारी दिनांक- 21.05.2025
सुनवाई दिनांक- 05.06.2025
शील

अनुविभागीय अधिकारी
(राजस्व) एवं नजूल अधिकारी गाडरवारा

## नगर के अंदर संचालित हो रही अंडा दुकानों के साथ खुलेआम अहातों के चलते सालीचौका की बिगड़ रही कानून व्यवस्था

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।**

इस समय सालीचौका क्षेत्र की जिस प्रकार से कानून व्यवस्था पटरी से उतरी हुई देखी जा रहा है उससे यह प्रतीत होने से नही चूक पा रहा है कि मानों यहां पर जिनके हाथों में पेहरदारी की जो बागडोर सौपी गई वह इसके लायक ही नही है या फिर पेहरे दारों की उदासीनता पूर्ण कार्य प्रणाली के चलते जहां गांव गांव खुलेआम अवैध शराब से शराब की घनघोर वर्षा होने से नही चूक रही है और इसकी चपेट में आने से युवा पीढ़ी बर्बादी की ओर अग्रसर होते हुये अपराधों को जन्म देते हुये दिखाई देने लगी है..? वही नगर में शराब खोरी करने वाले लोगों से आमजन को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होते हुए देखा जा रहा है।

इसी के चलते नगर की कानून व्यवस्था पूर्णरूप से पटरी पर उतरते हुए देखी जा रही है। इस सब का प्रमुख कारण मात्र एक ही देखा जा रहा है कि नगर के के साथ साथ क्षेत्र के गांवों में खुलेआम संचालित हो रही अघोषित रूप से शराब की दुकाने यानि की शराब का अवैध कारोबार तथा नगर के अंदर संचालित होने वाली देर रात तक अंडा दुकानों के चलते एक ओर नगर का वातावरण प्रदूषित होने से नही बच पा रहा है। क्योंकि इन अंडा दुकानों पर शाम होते हुए जिस प्रकार से शराब खोरी करने वाले लोगों का जमावाड़ा लग जाता है जिसके चलते आम लोगों मुख्य मार्गो से शाम के वक्त महिलाओं का निकलना मुश्किल हो जाता है? क्योंकि नगर में जहां तहां लगी हुई इन अंडा दुकानों व खुलेआम बाजार में होने वाली शराब खोरी के चलते स्थिति इस प्रकार से देखी जा रही है कि शराब के नशे में मस्त लोगों द्वारा



जिस प्रकार से अप शब्दों का उपयोग किया जाता है उसके चलते यहां पर रहवास करने वाले लोगों का रहना मुश्किल हो रहा है। वही दूसरी ओर महिलाओं का अपने घरों से निकला तो पूर्णरूप से दूभर हो चुका है? इतना ही नही इन अंडा दुकानों के चलते लोगों की धार्मिक भावनाओं को भी ठेंस पहुंचते हुए देखी जा रही है? क्योंकि नगर में इन अंडा दुकानों को लगाने वालों द्वारा न तो धार्मिक स्थलों का ध्यान रखा जा रहा है और न ही रहवासी मकानों का जिसके चलते मार्गो पर मनमर्जी के साथ स्थापित की गई इन अंडा दुकानों के चलते सार्वनिजक मार्गो से शाम होते ही महिलाओं का निकलना मुश्किल हो जाता है। यदि कोई महिला को मजबूरीबस निकलना भी पड़ता है तो अंडा दुकानों के आस पास मड़राने वाले शराबियों की छीटाकशी का शिकार होकर अपमानित होते हुए देखा जाता है। इस सच्चाई की ओर न तो पुलिस प्रशासन द्वारा ध्यान दिया जा रहा है और न ही उन लोगों द्वारा जो नगर की जनता की सेवा करने का पूरा भरोसा दिलाने से नही चूकते है, इस प्रकार से नगर की लगातार बिगड़ रही कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए नगरवासियों द्वारा जहां तहां रहवासी क्षेत्रों में संचालित होने वाली अंडा दुकानों पर अंकुश लगाये जाने की मांग की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### चक्कर खा कर बाईक समेत गिरा युवक

**डिण्डौरी।** कोतवाली थाना अंतर्गत पुरानी डिण्डौरी तिराहा के पास गुरूवार सुबह लगभग 11 बजे बाईक से जा रहे एक युवक को चक्कर आने से बाईक समेत गिर गया । हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे स्थानीय लोगों ने उपचार के लिये जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया है । पुलिस को दिये कथन में अनुज पिता संजय तिवारी उम्र 18 साल निवासी पुरानी डिण्डौरी ने बतलाया कि वह अपनी मोटर साईकिल से अकेला घर से अपनी बर्तन की दुकान जा रहा था, तभी उसे अचानक चक्कर आ गया और बाईक समेत गिर गया । हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने मदद करते हुये जिला चिकित्सालय लाकर भर्ती कराया है । जहां उपचार जारी है ।

### युवक ने चूहा मार दवा का किया सेवन

**डिंडौरी।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धनुवासागर निवासी एक युवक ने चूहा मार दवा का सेवन कर लिया। युवक को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में दाखिल कराया गया है। जिला चिकित्सालय पुलिस चैकी को दिए कथन में लक्ष्मण सिंह पिता हीरा सिंह राठौर उम्र 26 साल ने बतलाया कि मै कुछ दिनों से पारिवारिक समस्या को लेकर परेषान रहता था। इसी वजह से मैने बुधवार को दोपहर करीबन 3.30 बजे घर में रखी चूहा मार दवा को पानी में घोलकर पी लिया था। कुछ देर बाद मेरी तबियत खराब हो गई और मुझे उल्टियां होने लगी। तब मैने घटना के विषय में परिवार के लोगों को बताया। फिर मेरे बहनोई और मां ने मुझे एक मोटरसाइकिल से जिला चिकित्सालय लाकर भर्ती कराया।

### छात्र के साथ अज्ञात लोगों ने की मारपीट

**डिण्डौरी ।** कोतवाली थाना अंतर्गत डिण्डौरी स्थित जबलपुर स्टेंड में बस से उतर रहे एक छात्र के साथ अज्ञात लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया जिसे साथी छात्रों ने उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया है । अस्पताल चैकी पुलिस को दिये कथन में छात्र ने बतलाया कि वह हायर सेकेंडरी स्कूल टिकरी में अध्ययनरत है। गुरूवार को अपने मित्र और उसके दादा के साथ अपने घर ग्राम बूढन से बस में बैठकर डिण्डौरी आये थे। सुबह लगभग 11 बजे बस से उतर रहे थे, तभी तीन लडके पैदल आये एवं एक लडका मोटर साईकिल में आया और उससे नाम पूंछकर इन्स्टाग्राम की आई डी दिखाये जाने की बात कहते हुये मारपीट करने लगे और घसीटते हुये कुछ दूरी तक ले गये तब कुछ लोगों ने बीच बचाव किया । छात्र ने बतलाया कि उसके साथ अज्ञात लोगों के द्वारा क्यों मारपीट की गई यह पता नहीं है ।

## स्थाई सीएमओ अधिकारी की जा रही मांग

# 17 महीनों से स्थायी CMO के बिना जूझ रही शहपुरा नगर परिषद, विकास कार्य ठप्प, जनता परेशान

**शहपुरा।** शहपुरा नगर परिषद इन दिनों गहरी प्रशासनिक विडंबना से गुजर रही है। पिछले 17 महीनों से नगर परिषद को स्थायी मुख्य नगरपालिका अधिकारी (CMO) नहीं मिला है। इस अवधि में परिषद में 12 प्रभारी CMO बदले जा चुके हैं, लेकिन किसी की नियुक्ति स्थायी रूप से नहीं हो सकी। इसका सीधा असर शहर के विकास कार्यों और आमजन की समस्याओं के समाधान पर पड़ा है। स्थायी नेतृत्व के अभाव में नगर के कई जरूरी विकास कार्य ठप पड़े हैं। शहर के मुख्य मार्गों पर डिवाइडर निर्माण का कार्य अब तक शुरू नहीं हो पाया है, जिससे यातायात अव्यवस्थित बना हुआ है और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। वहीं, व्यावसायिक भवनों के निर्माण की अनुमति प्रक्रिया भी अटकी हुई है, जिससे व्यापारियों और निवेशकों को नुकसान उठाना पड़ रहा है।इसके साथ ही, आम नागरिकों की शिकायतों का निराकरण नहीं हो पा रहा है। पानी की आपूर्ति, सफाई व्यवस्था, और सड़क मरम्मत जैसे बुनियादी मुद्दों पर भी नगर परिषद की प्रतिक्रिया धीमी है, जिससे जनता में नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने शासन से मांग की है कि शहपुरा नगर परिषद में शीघ्र स्थायी CMO की नियुक्ति की जाए, ताकि रुके हुए कार्यों को गति मिल सके और नगर के विकास की गाड़ी फिर से पटरी पर लौट सके। अब देखना यह है कि शासन कब जागता है और शहपुरा को उसका स्थायी नेतृत्व कब मिलता है।




## तेली समाज पर अभद्र टिप्पणी: तेली समाज ने गोंडवाना नेताओं के खिलाफ थाने में की शिकायत

**शहपुरा।** गुरुवार को शहपुरा थाने में तेली समाज के कार्यकर्ता गोडवाना गणतंत्र पार्टी के नेता द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर शिकायत दर्ज करवाई है।अपराधिक मामला दर्ज करने की मांग की है।



### मेहदवानी थाना प्रभारी को हटाने की मांग को लेकर किया था प्रदर्शन

जानकारी के अनुसार 19 मई को गोडवाना गणतंत्र पार्टी के कार्यकर्ताओं ने थाना प्रभारी श्याम सुंदर को हटाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन के दौरान तेली (साहू)समाज को लेकर अभद्र टिप्पणी कर दी।दरअसल आदिवासी युवक की पिटाई का आरोप तेली समाज के कुछ युवकों पर आरोप लगाते हुए गोडवाना के कार्यकर्ता विरोध में प्रदर्शन किया था।तेली समाज के राजेश साहू,टेकेश्वर साहू सहित सामाजिक लोगो ने गोंडवाना के नेताओं पर एफ आई आर दर्ज करने की मांग की है।

### मेहदवानी पुलिस ने दर्ज की एफ आई आर

मेहदवानी थाना में भी साहू समाज ने गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के नेताओं के बयान को लेकर शिकायत की है।पुलिस ने दुर्गेश साहू की शिकायत पर गोडवाना गणतंत्र पार्टी के महासचिव अमान सिंह के खिलाफ बी एन एस की धारा 356,351(2) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## लाडली लक्ष्मी योजना में बेटी का नाम जोड़ने मां ने लगाई गुहार

**डिंडौरी।** जनपद पंचायत डिंडौरी अंतर्गत ग्राम पंचायत गनवाही के पोषक ग्राम कुडदर निवासी महिला ने लाडली लक्ष्मी योजनांतर्गत उसकी पुत्री हेमवती का नाम योजना में जोडकर लाभ दिलाने के संबंध में कलेक्टर कार्यालय में आवेदन दिया है। आवेदन में पार्वती बाई पति उदयराज ने लेख किया कि मेरी पुत्री हेमवती उम्र 9 वर्ष है। जिसकी जन्मतिथि 25.09.2016 है। मेरी पुत्री का नाम लाडली लक्ष्मी योजना से छूट गया है जिसे मैं जुडवाना चाहती हूँ। मैंने आंगनबाडी कार्यकर्ता शिववती मरावी को वर्ष 2017 में समस्त दस्तावेज दिये थे । लेकिन आंगनबाडी



कार्यकर्ता ने दस्तावेज को अपने पास रखी रही। उनके द्वारा कोई कार्यवाही नही की गई जिससे 05-06 वर्ष बीत गये। बाद मे उनके द्वारा कहा जा रहा है, कि तुम्हारी पुत्री का नाम लाडली लक्ष्मी योजना मे नही जुड सकता, जिससे मैं काफी परेशान हो गयी। जानकारी के अभाव में डिंडौरी नही आ सकी। मैं गरीब महिला हूँ। मजदूरी करके जीवन यापन करती हूँ। बच्ची की पढाई लिखाई शादी करवाने हेतु मै लाडली लक्ष्मी योजना में अपनी पुत्री हेमवती का नाम जुडवाना चाहती हूँ। महिला ने मांग की है कि मेरी पुत्री का नाम लाडली लक्ष्मी योजना में जोड़ा जाए।

## बसपा ने चलाया बीएलए नियुक्ति अभियान हर पोलिंग बूथ पर दो बीएलए होंगे तैनात

**डिंडौरी न्यूज, डिंडोरी।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की जिला इकाई डिंडोरी द्वारा आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए एक सघन अभियान की शुरुआत की गई है। 25 मई 2025 से जिले के प्रत्येक पोलिंग बूथ पर दो-दो बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की नियुक्ति कर उन्हें निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण देने का कार्य आरंभ किया गया है।इस अभियान के तहत नियुक्त बीएलए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप काम करते हुए बीएलओ के साथ समन्वय बनाकर मतदाता सूची को अद्यतन करने में सहयोग करेंगे। इनका मुख्य कार्य नए मतदाताओं के नाम जोड़ना, मृत व्यक्तियों के नाम हटाना तथा



सूची की सटीकता सुनिश्चित करना होगा।जिले में दो विधानसभा क्षेत्र—शहपुरा (क्रमांक 103) एवं डिंडोरी (क्रमांक 104)—हैं, जिनमें बीएलए की नियुक्ति का कार्य एक सप्ताह के भीतर पूरा किया जाएगा। इस जिम्मेदारी को विधानसभा अध्यक्षों एवं नगर अध्यक्षों को सौंप दिया गया है। जिला अध्यक्ष मोहम्मद असगर सिद्दीकी ने इस अभियान की रूपरेखा तैयार कर स्थानीय नेतृत्व को सौंप दी है और समय-समय पर बीएलए को आवश्यक दिशा-निर्देश देने की योजना बनाई गई है। उनका कहना है कि चुनाव प्रक्रिया में बसपा की भागीदारी को और अधिक प्रभावी व संगठित बनाने के लिए प्रत्येक पोलिंग बूथ पर बीएलए और सेक्टर प्रभारी की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी।

## जीवित व्यक्ति को सरकारी दस्तावेजों में कर दिया गया मृत घोषित

### मृत घोषित कर आधार कार्ड को कर दिया गया है डी-एक्टिवेटेड

**डिण्डौरी।** आदिवासी बाहुल्य डिंडोरी जिले में एक बार फिर एक जीवित व्यक्ति को सरकारी दस्तावेजों में मृत घोषित कर दिया गया है जिसके बाद वह व्यक्ति खुद को जिंदा साबित करने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने के लिए मजबूर है। मामला जिला मुख्यालय से लगे डांड बिछिया गांव का है जहां रामविशाल गौतम नामक व्यक्ति का आधार कार्ड यह दर्शाकर डीएक्टिवेट कर दिया गया है की उसकी मृत्यु हो चुकी है। रामविशाल को इस बात की जानकारी तब लगी जब उसे अचानक सरकारी योजनाओं का लाभ मिलना बंद हो गया। रामविशाल ने ग्राम पंचायत से लेकर राजधानी भोपाल तक खुद को जिंदा साबित करने के लिए अफसरों से गुहार लगाई, लेकिन अब तक उसकी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। रामविशाल के माता पिता बुजुर्ग हैं और पत्नी व दो बच्चों का पालन पोषण भी उसी पर निर्भर हैं। रामविशाल ने बताया की करीब 9 महीने से वो अपने जीवित होने के सबूत अधिकारियों को देते हुए यहां से वहाँ भटक रहा है लेकिन हर जगह से उसे सिर्फ आश्वासन ही मिल पाया है। डिंडोरी जिले में यह कोई पहला मामला नहीं है जब किसी जीवित व्यक्ति को सरकारी दस्तावेजों में मृत घोषित कर दिया गया है इसके पहले भी अनेकों मामले सामने आ चुके हैं लेकिन लापरवाह कर्मचारियों या दोषियों के खिलाफ कोई ठोस कार्यवाही नहीं होने की वजह से इस प्रकार के मामले आये दिन सामने आते रहते हैं। संयुक्त कलेक्टर सुनील शुक्ला ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है।



## होटल-ढाबों में मिलावट पर लगेगी लगाम, गठित की गई जांच टीमें

**डिंडौरी।** कलेक्टर नेहा मारव्या के निर्देशन में गर्मी के मौसम में खाद्य सामग्री में मिलावट की आशंका को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन डिण्डौरी ने एक विशेष पहल की है। आम जनता और जनप्रतिनिधियों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और खाद्य अधिकारी के निर्देश पर जिले में विभिन्न स्थानों पर होटल, ढाबों और खाद्य विक्रेताओं की जांच के लिए विशेष दल गठित किए गए हैं। बताया गया कि डिण्डौरी, बजाग, और शहपुरा जैसे प्रमुख अनुभागों के लिए अलग-अलग जांच दल बनाए गए हैं। इन दलों में तहसीलदार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, नगर परिषद प्रतिनिधि और संबंधित विभागों के सदस्य शामिल हैं। तहसीलदार नायब तहसीलदार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, प्र. सहायक आपूर्ति अधिकारी, कनिष्ट आपूर्ति अधिकारी, नगर परिषद अधिकारी और राजस्व विभाग के अधिकारियों की टीम जांच करेगी। गठित दलों को होटल ढाबों में जाकर स्वच्छता, खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, मिलावट की संभावना और उपभोक्ता सुरक्षा जैसे विषयों पर कड़ी निगरानी और जांच के आदेश दिए गए हैं। यदि किसी प्रतिष्ठान में मिलावटी खाद्य सामग्री या गंदगी पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध तत्काल वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य सुरक्षा सर्वोपरि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान जन स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने के लिए चलाया जा रहा है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों से अपेक्षा निर्धारित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे समयबद्ध रिपोर्ट प्रस्तुत करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाएं।

# बालिका से छेड़छाड़ के आरोपी को एक वर्ष कठोर कारावास की सजा

**डिण्डौरी ।** शाहपुर थाना अंतर्गत लौंदाझिर निवासी एक आरोपी द्वारा वर्ष 2023 में एक बालिका से छेडछाड करने के मामले में सुनवाई करते हुये न्यायालय कमलेष कुमार सोनी, विषेष न्यायाधीष पाक्सो एक्ट डिण्डौरी द्वारा आरोपी को धारा 354, भादवि के अपराध के लिये एक वर्ष कठोर कारावास एवं 1 हजार का अर्थदंड एवं धारा 354 क (1) (९) भादवि के अपराध के लिये एक वर्ष का कठोर कारावास एवं 1 हजार के अर्थदंड से दंडित किया गया है । अर्थदंड की राषि अदा न करने पर क्रमषः एक माह - एक माह अतिरिक्त कारावास भुगताये जाने का आदेष पारित किया गया है । मीडिया सेल प्रभारी मनोज कुमार वर्मा अभियोजन अधिकारी ने बतलाया कि 29 अप्रेल 2014 को पीडिता अपने चाचा की लडकी के साथ हाई स्कूल का रिजल्ट पता करने गई थी । लौटने के दौरान आरोपी रामू उर्फ रामलाल छिपकर उनका पीछा कर रहा था, जैसे ही पीडिता व उसकी चचेरी बहन स्कूल से थोडा आगे पहुंची इसी दौरान आरोपी बुरी नियत से पीडिता का हाथ पकड लिया । पीडिता के विरोध करने पर आरोपी द्वारा अभद्र भाषा का उपयोग किया गया । चचेरी बहन ने भी विरोध किया लेकिन आरोपी गंदे शब्दों का उपयोग करता रहा इसके बाद पीडिता हाथ छुडाकर नजदीक गांव की तरफ भागी तब आरोपी रामू ने किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी । जिसके बाद पीडिता ने घटना के संबंध में अपने पिता से जाकर बतलाई तब परिजनों के साथ पहुंचकर पीडिता ने चैकी विक्रमपुर में आरोपी के विरूद्व मामला दर्ज कराया था । पुलिस ने मामला पंजीबद्व कर विवेचना पष्चात न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया था जिसकी सुनवाई करते हुये न्यायालय ने आरोपी के विरूद्व सजा सुनाई है ।

## छात्रा के साथ छेड़छाड़, विद्यार्थी परिषद ने की गिरफ्तारी की मांग



**डिंडोरी ।** पुलिस चैकी अमरपुर अंतर्गत महाविद्यालय की एक आदिवासी छात्रा के साथ दूसरे संप्रदाय के युवक द्वारा छेड़छाड़ का मामला प्रकाश में आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है। पूरे मामले पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक आरोपी शाहिद खान की अमरपुर में माशा अल्लाह कंप्यूटर के नाम से ऑनलाइन दुकान है। जहां ऑनलाइन कार्य हेतु पीड़िता का आना जाना था। आरोप है कि शहीद खान ने छात्रा का मोबाइल नम्बर लेकर परेशान करना शुरू कर दिया। इसका विरोध करने पर आरोपी शहीद गालीगलौज करके धमकी भी देता था। बताया गया है कि बुधवार की दोपहर शहीद ने छात्रा का रास्ता रोककर जबरदस्ती अपनी बाइक में बैठाया और ले जाकर जातिगत गालीगलौज करके छात्रा के साथ अश्लील हरकतें शुरू कर दीं। इस दौरान छात्रा के विरोध करने पर शहीद धमकी देकर भाग गया। जिसके बाद पीड़िता ने परिजनों के साथ पुलिस चैकी पहुंच शिकायत दर्ज करवाई है। इस बाबद विद्यार्थी परिषद ने आरोपी की गिरफ्तारी के साथ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## अवैध रूप से रेत परिवहन करते हुए वाहन जब्त, चालक व मालिक के खिलाफ कार्रवाई



**डिंडौरी।** कलेक्टर नेहा मारव्या के निर्देशन एवं एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन के मार्गदर्शन में अवैध उत्खनन करने वाले ठेकेदारों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में 20 मई 2025 को ग्राम बिलाईखार में 20 मई को छापेमारी के दौरान एक वाहन अवैध रूप से रेत परिवहन करते हुए पकड़ा गया। जांच में पता चला कि वाहन के मालिक का नाम रोहित पिता सम्मे परस्ते साकिन भुसण्डा तहसील बजाग, जिला डिण्डोरी है। वाहन का चालक संजीत पिता फागूलाल धुर्वे था, जो वाहन को रेत से लदे हुए चला रहा था। जब पुलिस ने चालक से रेत परिवहन की अनुमति मांगी, तो वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। माप करने पर वाहन में लगभग 2.80 घन मीटर रेत पाई गई। अनुज्ञा पत्र के अभाव में रेत का अवैध परिवहन माना गया और तुरंत प्रभाव से वाहन, रेत, और चालक को मौके पर पंचनामा तैयार कर थाना बजाग को सुपुर्द किया गया। जिला प्रशासन द्वारा इस मामले में सख्त कदम उठाते हुए वाहन मालिक रोहित के विरुद्ध अनुशासनात्मक व दंडात्मक कार्रवाई हेतु रिपोर्ट सहित अनुशंसा की गई है, जो जिला डिण्डोरी कलेक्टर कार्यालय भेजी गई है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न ग्रामों में किए जा रहे जल संरक्षण के कार्य



**डिंडौरी।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रदेश में जल स्त्रोतों तथ नदी, तालाबों, कुआं, बावड़ी तथा अन्य जल स्त्रोतो के जल संरक्षण एवं पुर्नजीवन के लिये विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर नेहा मारव्या के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक बद्रीप्रसाद चैहान द्वारा उपस्थित ग्रामवासियों को चैपाल के माध्यम से अभियान का उद्देश्य बताते हुए जल का महत्व तथा जल का उपयोग एवं संरक्षण का महत्व तथा पर्यावरण संरक्षण एवं पौधारोपण के संबंध में लोगों को जानकारी दी गई। बुधवार को जन अभियान परिषद विकासखण्ड बजाग जिला डिंडौरी के नवांकुर संस्था- वसुंधरा ग्राम विकास समिति भानपुर द्वारा विक्रमपुर में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत तालाब में आसपास स्वच्छता कार्य किया गया जिसमें विकासखण्ड समन्वयक अंजू दुबे, नवांकुर संस्था -वसुंधरा ग्राम विकास समिति भानपुर से गुरुदास कुलदीप, मेंटर्स एवं ग्रामवासियों की सहभागिता रहीं।

## समस्त थाना प्रभारी को आरोपी का आपराधिक रिकार्ड मुहैया कराने पुलिस अधीक्षक को लिखा पत्र

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर लागू हुई नई व्यवस्था

**डिण्डौरी ।** अधिवक्ता सम्यक जैन ने हाल ही में पुलिस अधीक्षक वाहिनी सिंह को पत्र लिख अधिवक्ताओं और आरोपी के परिजनों को आपराधिक रिकार्ड मुहैया कराने समस्त थाना प्रभारी को निर्देश दिए जाने के सम्बन्ध में पत्र लिखा है. बताया गया है कि आपराधिक रिकार्ड आमतौर पर पुलिस विभाग, कोर्ट रजिस्ट्री, या राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो जैसे सरकारी डेटाबेस में संग्रहीत होते हैं। अधिवक्ताओं को इन डेटाबेस तक पहुंचने के लिए औपचारिक अनुरोध या अनुमति की आवश्यकता होती है, जो समय लेने वाली और जटिल प्रक्रिया होती है। कई बार, केवल अधिकृत व्यक्तियों को ही यह जानकारी दी जाती है। जिससे कई बार कानून प्रक्रिया में अड़चन आती है. सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के सन्दर्भ में न्यायालय से अग्रिम जमानत, डिफॉल्ट जमानत, अंतरिम जमानत सहित व्यक्तिगत स्वतंत्रता की मांग करने वाले मुजरिमों को चुकी जमानत अर्जी के साथ पूर्व में दर्ज आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी अनिवार्य रूप से न्यायालय को देने हेतु व्यवस्था में परिवर्तन किया है। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर देशभर में यह व्यवस्था 1 मई से बदली गई है। मप्र उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत के आदेश पर प्रिंसिपल रजिस्ट्रार संदीप शर्मा ने इसका प्रारूप जारी भी किया है। वही सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस मनमोहन की डिवीजन बेंच ने 3 अप्रैल 2025 को सुनवाई के दौरान पाया कि मुन्नेश बनाम उत्तर प्रदेश शासन प्रकरण में याचिकाकर्ता ने अपने आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी नहीं दी, जबकि उसके खिलाफ 8 मामले दर्ज थे। डिवीजन बेंच ने मामले पर सुनवाई करने के साथ देशभर के न्यायालयों को आदेश दिया है कि जमानत की अर्जी के साथ पूर्व प्रकरणों की पूरी जानकारी ली जाए।

### एक मई से हुए बदलाव

उक्त संबंध में एक मई से यह बदलाव किया गया है। इसके बाद जमानत आवेदन के साथ मुजरिम का आपराधिक रिकॉर्ड अनिवार्य रूप से बताना होगा अन्यथा की स्थिति में न्यायालय आरोपी की जमानत अमान्य कर सकता है। वर्तमान में जमानत के मामलों में सरकार मुजरिम का आपराधिक रिकॉर्ड देती थी, पर अब मुजरिम को खुद देना होगा। इस जानकारी के बगैर जमानत की अर्जी स्वीकार ही नहीं की जाएगी। तत्संबंध में माननीय उच्चतम न्यायालय भारत द्वारा स्पेशल क्रिमनल केश नम्बर 1400/2025 मुनेश विरूद्ध उत्तर प्रदेश सरकार से संबधित पारित निर्णय दिनांक 03-04-2025 के परिपालन हेतु समस्त थाना प्रभारी को निर्देशित कर यदि किसी आरोपी के परिजन अथवा उसके अधिवक्ता द्वारा आरोपी के जमानत हेतु, आरोपी का अपराधिक रिकार्ड चाहा जाता है तो थाने में उपलब्ध रिकार्ड के आधार पर आरोपी का अपराधिक रिकार्ड उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करने दिशा निर्देश देने की बात कही गई है।

**खबर संक्षेप**

## ईंधन गैस हितग्राहियों को केवाईसी कराना अनिवार्य



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** ईंधन गैस हितग्राहियों को केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। केवाईसी ना होने की स्थिति में सब्सिडी का लाभ उन्हें नहीं मिल पाएगा। इस संबंध में आलोक अग्रवाल ने बताया कि भारत सरकार के केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय के निर्देश अनुसार सिलेंडर कनेक्शन के हितग्राही जिन्होंने अभी तक अपना केवाईसी नहीं कराया है गैस कंपनियों द्वारा समय दिया गया है अतः ऐसे हितग्राही जिन्होंने अभी तक अपनी सिलेंडर कनेक्शन का केवाईसी ना कराया हो वह शीघ्र ही एजेंसी में आकर अपना केवाईसी करा लेवें अन्यथा भविष्य में उनकी सब्सिडी खाते में आना बंद हो जाएगी। यह आदेश भारत सरकार के केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा पूर्व में भी जारी किया जा चुका है। केवाईसी नहीं कराया तो हितग्राहियों की सब्सिडी नहीं आएगी।

## सीएम ने किया शैलेन्द्र को सम्मानित



**नरसिंहपुर।** गत दिवस कुशाभाऊ ठाकरे भवन भोपाल में आयोजित सम्मान समारोह संवाद में जिले के गौरव यूपीएससी चयन परीक्षा में 362 वी रैंक प्राप्त करने वाले शैलेंद्र चैधरी को मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश शासन, भोपाल मोहन यादव द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा सत्य निष्ठा और ईमानदारी के साथ देश की सेवा करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर उनके परिजन महेंद्र कुमार अहिरवार एवं श्रीमती माया अहिरवार कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण प्रदेश के महाविद्यालयों एवं यूट्यूब पर किया गया।

## ग्रामीण पर रीछ ने किया हमला

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस बरमान वन परिक्षेत्र के ग्राम महंगवा मे तेंदूपत्ता तोड़ने गए ग्रामीण पर रीछ ने हमला कर घायल कर दिया गया। वन रक्षक महेश आचार्य से प्राप्त जानकारी के अनुसार बाबूलाल गौड़ उम्र 60 वर्ष निवासी महंगवा सुबह तकरीबन 9 बजे अपने साथियों के साथ तेंदूपत्ता तोड़ने के लिए जंगल गया हुआ था। तभी रीछ ने हमला कर घायल कर दिया गया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

## कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले में 26 मई को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नरसिंहपुर प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध मे कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह और संबंधित जिला अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्रीमती पटले ने नोडल अधिकारियों को सौंपे गये दायित्वों एवं अब तक इसमें की गई कार्यवाही की बिंदुवार जानकारी ली। इसमें कानून व्यवस्था, परिवहन, हेलीपैड, वेरिकेटिंग, मंचीय बैठक व्यवस्था, ग्रीन रुम, कारकेड, वीआईपी एंट्री, पार्किंग, कार्यक्रम स्थल पर विद्युत की निर्बाध आपूर्ति, मंच साज सज्जा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, एम्बुलेंस एवं चिकित्सा व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, प्रदर्शनी स्थल, स्टॉल तैयारी, विभिन्न शिलान्यास एवं भूमिपूजन, इन्वेस्टर्स मीट, सेक्टर अनुसार हितग्राही, कृषकों की बैठक व्यवस्था प्वाइंट अनुसार कार्यपालक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी आदि शामिल थे।

### अघोषित बिजली कटौती को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

# सरकार के खिलाफ की नारेबाजी, जलाया पुतला

जिले में बिजली समस्या को लेकर नगर से लेकर गांव - गांव तक विद्युत समस्या से किसान व आम नागरिक परेशान है। जिसे लेकर अनेकों बार ग्रामीणों द्वारा जिला प्रशासन तथा विद्युत विभाग एवं जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन देकर पूरी बिजली देने की मांग की गई थी समस्या का कोई हल नहीं निकाला गया।





हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

नगर तथा जिले में अघोषित विद्युत कटौती व मेंटेनेंस के नाम पर बिजली आपूर्ति में व्यवधान को लेकर जमकर नारेबाजी करते हुए विद्युत विभाग का पुतला दहन किया गया। युवा कांग्रेस एवं एन एस यू आई ने नगर विद्युत कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन करते हुए विद्युत विभाग का पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री मोहन यादव, ऊर्जा मंत्री एवं विद्युत विभाग के खिलाफ व्यापक नारेबाजी की गई।

### आंदोलन की दी गई चेतावनी

कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदर्शन के उपरांत अधीक्षण यंत्री को ज्ञापन सोपा गया। चेतावनी दी गई कि यदि विद्युत आपूर्ति सही नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि नगर तथा जिले के अनेक क्षेत्रों में कृषि कार्य हेतु सिंचाई करने हेतु मिलने वाली बिजली व भीषण गर्मी से राहत हेतु उपयोग की जाने वाली विद्युत की आपूर्ति में अघोषित रूप से कटौती की जा रही है। जबकि विद्युत मॅटनेंस के नाम पर कई बार घोषित रूप से विद्युत प्रदाय बन्द कर मॅटनेंस का कार्य किया जा चुका है। बावजूद इसके वर्तमान समय में थोड़ी भी हवा व हवा के चलते शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति लगातार बाधित हो रही है।

### बनाई जाए सतत विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था

बीते कुछ समय पहले शहर में बगैर किसी सूचना के रात में भी बिजली बंद की जाती रही है, जिससे भीषण गर्मी में आम नागरिक महिलाएं बच्चे व बुजुर्ग जन भारी परेशान हो चुके हैं। विद्युत विभाग की यह कार्यप्रणाली विद्युत विभाग के द्वारा मेंटेनेंस के नाम पर धोखा किये जाने जैसा है। महत्वपूर्ण यह भी है कि विद्युत विभाग द्वारा शिकायत निवारण नंबर दिए गए हैं। उन नंबरों पर कॉल लगाने पर व्यस्त बताता है और अगर बात भी हो जाये तो संतुष्टि पूर्ण जवाब नहीं मिलता है और न ही विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कॉल रिसीव करते हैं। शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति सतत व्यवस्था बनाई जावे ।

### इनकी रही मौजूदगी

उक्त मौके पर पूर्व विधायक सुनील जायसवाल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत, मैथिलिशरण तिवारी, लाखन सिंह पटेल , बुधराज झारिया, प्रतीक त्रिवेदी, विजय आजाद, मनोज राव ,जग्गी सोनी, अजय दुबे, संतोष शुक्ला, भगवंत सिंह जाट, दुलीचंद नेमा, देवेंद्र शुक्ला , कंछेदी पटेल ,अस्सू नेमा, बॉबी खान, मुकेश कटारे, आशीष राजवैद्य ,अभिनव ढ़मोले, सौरभ शर्मा ,सूर्याप्रकाश लोधी, कैलाश नौरिया, रितेश नामदेव, प्रीतम विश्वकर्मा, संजय भईया, तुलसी नौरिया, रफीक नूरानी, अभय तिवारी, राजीव राणा ,अतुल चैरसिया, रोहित पटेल, विवेक पटेल ,अमित श्रीवास्तव, ईशान राय ,अंकुर बटरी के अलावा बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस एवं एनएसएसआई के पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मंत्री श्री पटेल के मार्गदर्शन में होगा पथ व पाट का उत्थान



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

मध्यप्रदेश शासन के द्वारा चलाए जा रहे गंगा जल संवर्धन अभियान से प्रेरित होकर मणिनगेंद्र सिंह फाउंडेशन द्वारा जिले की प्राचीन सिंगरी नदी को पुनजीवित करने के उद्देश्य से सिंगरी नदी उद्गम स्थान से 5 किलोमीटर के लगभग नदी के पथ की साफ सफाई कर अतिक्रमण मुक्त कर नदी के 50 फिट चैड़ाई के पाट की साफ सफाई की जाएगी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए फाउंडेशन के सचिव सरदार सिंह पटेल ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्राचीन जल स्त्रोतों के संरक्षण और संवर्धन हेतु गंगा जल संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है जिससे प्रेरित होकर मणिनगेंद्र सिंह फाउंडेशन ने यह तय किया हैं कि नरसिंहपुर जिले की प्राचीन सिंगरी नदी को पुनजीवित करने के उद्देश्य से सिंगरी नदी के उद्गम से लगभग 5 किलोमीटर के क्षेत्र तक नदी के पथ को अतिक्रमण मुक्त कर उसकी साफ सफाई की जाएगी इसके साथ उन्होंने बताया कि नदी का पाट 50 फिट चैड़ा है निर्माण कार्य पोकलैंड मशीन एवं जेसीबी मशीनों से कार्य प्रारंभ किया जाएगा इसके साथ ही कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल भी कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे हम सभी सदस्य के यह तय किया है कि इस कार्य का पूर्ण व्यय मणिनगेंद्र सिंह फाउंडेशन द्वारा किया जाएगा हमारी प्राचीन धरोहरों को सहजने हेतु हमारे द्वारा यह प्रयास किया जा रहा है।



## खो - खो प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** खेल विभाग द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविरों को सफल बनाने के उद्देश्य से शिविर में सहभागिता कर रहे खिलाड़ियो को उच्च स्तर प्रदान करने हेतु प्रशिक्षु खिलाड़ियो के मध्य खो खो की प्रतियोगिता आयोजित की गई जिससे खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें एवं प्रतियोगिता के दवाब एवं हार - जीत को सहन करने के लिए मानसिक रूप से तैयार हो सके। जिला खेल अधिकारी श्रीमती सुनीता यादव के मार्गदर्शन में खो खो कोच उषा शैलोकर एवं विवेक कहार, राकेश ठाकुर भूपेंद्र ठाकुर की देखरेख में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रशिक्षु खिलाड़ियो की 4 टीम बनाकर मैच आयोजित किये गए इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में खेल प्रेमी नगर पालिका उपाध्यक्ष अजीत ठाकुर उपस्थित हुए एवं खिलाड़ियो का उत्साहवर्धन किया तथा खिलाड़ियो को पुरस्कृत किया, खो खो में प्रतिवर्ष नगर के अनेक खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं।



## कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस संगठन को लेकर जिला कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक होटल अमर पैलेस में संपन्न हुई। जिसमें संगठन को मजबूत करने और पदाधिकारियों को दायित्व सौंपने को लेकर विचार विमर्श हुआ। जिला समन्वय समिति के प्रभारी जुन्नारदेव विधायक सुनील उइके ने कहा कि सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को कांग्रेस को मजबूत करने के लिए सौंपे गए दायित्वों को समय सीमा पर पूरा करना चाहिए साथ ही मतदाता सूची में कोई गड़बड़ी न हो और नाम संशोधन की प्रक्रिया में सभी सक्रियता दिखाएं। श्री उइके ने बैठक के दौरान समन्वय समिति के सदस्यों , ब्लॉक एवं मोर्चा अध्यक्षों से चर्चा की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत ने संगठन संबंधी गतिविधियों की जानकारी देकर बताया कि कि प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार कार्य किया जा रहा है। पूर्व ऊर्जा मंत्री एन पी प्रजापति ने संगठन को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। पूर्व विधायकगण संजय शर्मा, सुनील जायसवाल, सुनीता पटेल, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मैथिलीशरण तिवारी, वरिष्ठ नेता लाखन सिंह पटेल, दीवान शैलेंद्र सिंह के अलावा अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी,बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी समस्याओं को लेकर लोग परेशान है वहीं किसानों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बैठक का संचालन जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत एवं आभार प्रदर्शन शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित राय गोलू ने किया।

जिला समन्वय समिति की बैठक के बाद जिला कांग्रेस के पदाधिकारियो, मोर्चा एवं ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक आयोजित हुई जिसमें जिला प्रभारी सुनील उइके ने प्रदेश संगठन के निर्देशों की जानकारी देकर कहा कि सरकार की जन विरोधी नीतियों को हमको सामने लाना है। बैठक में श्री उइके ने भारतीय सेना के पराक्रम, शौर्य की भरपूर प्रशंसा करते हुए जबलपुर में 31 मई को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की उपस्थिति में आयोजित जय हिंद यात्रा रैली में अधिक में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की।

## जनसुनवाई में सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



मध्यप्रदेश शासन के पूर्व राज्य मंत्री एवं पूर्व विधायक जालम सिंह पटेल ने विधायक निवास में जनसुनवाई आयोजित की इस अवसर पर आए जन सामान्य लोगो ने अपनी समस्याओं को आवेदन के माध्यम से बताया जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने संबंधित विभाग को अवगत कराते हुए जानकारी लेकर समस्याओं का निदान कराया जनसुनवाई में लगभग 118 आवेदनों की प्राप्ति हुई जिनपर संज्ञान लेते हुए उन्हें कार्यवाही हेतु आगे प्रेषित किया गया आमजनों के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहने वाले जनप्रिय समाजसेवी जालम सिंह पटेल द्वारा स्थानीय जनों की जनसमस्या हेतु प्रत्येक गुरुवार जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है जिसमें जिले भर से आए लोगों की बात सुन कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाता है। जनसुनवाई पर पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने बताया कि आमजनों के कई ऐसी समस्याए होती है जिनके लिए वह परेशान होते है इसके लिए हम हमेशा तत्पर रहते है लेकिन बहुत लोग ऐसे होते है जो संपर्क नहीं कर पाते उनके लिए इस जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है जिससे उनकी समस्याओं का निराकरण हो सके और मेरा ऐसा मानना है कि प्रत्येक जनप्रतिनिधि का यह कर्तव्य है कि उसके क्षेत्र के आमजनों को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए भटकना ना पड़े उनकी समस्याओं पर तत्परता के साथ कार्य करना चाहिए जिस जनता ने उस पर विश्वास किया है उस विश्वास पर वह खरा उतरे उक्त जानकारी देते हुए विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया उक्त जनसुनवाई के अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारीयो के साथ समाजसेवी सुनील कोठारी पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राधेश्याम नेमा जनपद सदस्य सीतामराम नामदेव सहित अनेक समाजसेवी जनप्रतिनिधि जनो की मौजूदगी रही।



## पानी को लेकर जद्दोजहद, सुबह से ही लगने लगती है कतारें

तेंदूखेड़ा।

इन दिनों चांवरपाठा विकास खंड के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या बनीं हुई है। पानी के लिए लोगों को सार्वजनिक हेंडपंपो के समीप पहले से अपने अपने जल पात्र कुप्पों की लाइन लगानी पड़ती है।उसी हिसाब से फिर पानी भरना पड़ता है।आठ दस कुप्पा भरने के बाद कुछ देर रुकना पड़ता है फिर कहीं पानी निकलता है।अधिकांश गांवों में नल जल योजना शोभा की सुपारी बनीं हुई है। कहीं पानी की टंकी बनीं हुई है तो कहीं अधूरी पड़ी हुई है। पाइप लाइन डल भी गईं हैं तो जहां तहां से टूटी पड़ी है। तो कहीं कहीं अभी काम तक शुरू नहीं हुआ है। हमारे प्रतिनिधि को ग्राम पंचायत रम्पुरा के अंतर्गत आने वाले ग्राम सिंगोटा से भैयाराम पटेल ने बताया कि इस समय पानी के लिए काफी जद्दोजहद करना पड़ रहा है। गांव में पानी की पेयजल सप्लाई व्यवस्था अभी तक शुरू नहीं हुई है। गांव में तीन चार शासकीय हेडपंप है लेकिन इनमें से दो ही चल रहे हैं। जिन पर अधिक भार पड रहा है।लोग पीने के पानी से लेकर निस्तार के पानी के लिए अपने अपने खाली कुप्पा लेकर लाइन लगाकर रख देते हैं और नंबर आने पर भरने मिलता है। कुछ कुप्पे भरने के बाद नल से लाल गंदा पानी आने की स्थिति में कुछ समय रुकना पड़ता है फिर कहीं पानी भरने के लिए मिल पाता है। पानी भरने को लेकर बार बार हाट टांक की स्थिति बनती है। यहां पर हर साल गर्मियों के मौसम में पानी की समस्या बनती है और यहां पर पानी की टंकी के लिए काफी लंबे समय से लोगों द्वारा मांग की जा रही है लेकिन अभी तक शुरू ना हो पाना सोचनीय विषय बना हुआ है।

### गाड़ी बेलों से दूर से लाना पड़ रहा पानी

### करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद स्थिति ज्यों की त्यों

पानी के लिए करोड़ों रुपए पानी के लिए खर्च हो जाने के बावजूद भी ग्राम ढिलवार में पानी को लेकर काफी गंभीर स्थिति बनी हुई है। हमारे प्रतिनिधि को ग्राम के बाबूलाल ठाकुर ने बताया कि ढिलवार में पानी की काफी गंभीर स्थिति बनी हुई है। गांव के संपूर्ण हेंड पंप पानी की जगह हवा उगल रहे हैं। हेडपंप खंडहर बनें हुए हैं। यहां पर पानी की व्यवस्था के लिए शासन द्वारा करोड़ों रुपए खर्च किए हैं फिर भी पानी की व्यवस्था नहीं बन पाई है। लोग पीने के पानी और निस्तार के पानी को लेकर एक से दो किलोमीटर दूर से खेतों के कुंओं से गाड़ी बैल में पानी की टंकी में पानी भर कर लाने को मजबूर बनें हुए हैं। कुछ लोग साइकिलों पर कुप्पा टांगकर पानी लाते हुए देखे जा रहे हैं।आठ दस दिनों से विद्युत मोटर जल जाने के कारण पेयजल संकट गहरा गया है।

### भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई योजनाएं

ग्राम के ही प्रतिष्ठित और स्वतंत्रता आंदोलन में अपनी महती भूमिका निभाते हुए शहीद डेलनशाह नरवर शाह के वंशज रामकुमार ठाकुर का कहना है कि इस गांव में मुख्यमंत्री ग्राम सरोवर योजना के तहत एक करोड़ से भी अधिक राशि का तालाब खोदने की योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। तत्कालीन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभागीय अधिकारियों ने महाराष्ट्र की एक कंपनी से ठेका अपने ही करीबियों को पेटी पर दिलवा कर केवल लीपापोती कर डाली जो पहली ही बरसात में बह गया था जिसमें आज तक पानी नहीं रुका। और ना ही संबंधित ठेकेदार पर कोई ठोस कार्रवाई की गई। फिर गांव में बगीचा वाले क्षेत्र से पानी के लिए आधा करोड़ से अधिक राशि की पाइप लाइन डाली गई लेकिन वह भी दिखावा साबित हो गई।बार बार पानी के लिए लाखों रुपए खर्च करके धरती को छलनी किया गया लेकिन केवल गड्ढे ही हाथ लगे पानी नहीं निकला।इस संपूर्ण राशि का टोटल करें तो करोड़ों रुपए खर्च करके नर्मदा जल आ सकता था और इससे बीच में पड़ने वाले अनेकों ग्राम लाभान्वित हो सकते थे।